# हाईकोर्ट से राहत के बाद मुनेश गुर्जर ने पुनः हैरिटेज महापौर की कुर्सी संभाली

## मेयर पति सुशील गुर्जर को ए.सी.बी. द्वारा ट्रैप करने के बाद पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने किया था निलंबित

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। राजस्थान हाईकोर्ट से हैरिटेज नगर निगम जयपुर की महापौर मुनेश गुर्जर का निलंबन रद्द हो चुका है। अदालत से राहत मिलने के बाद मुनेश गुर्जर ने सोमवार को पुनः हैरिटेज नगर निगम मुख्यालय पहुंचकर पुनः महापौर की कुर्सी संभाल ली है। ज्ञात रहे कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (ए.सी.बी.) द्वारा उनके पति सुशील गुर्जर और उनके दो दलालों को 2 लाख रुपये के घूसकांड में गिरफ्तार किया था। यह रिश्वत परिवादी का उसके भूखंड़ का पट्टा देने की एवज में लेने की बात कही गई थी। सुशील गुर्जर की गिरफ्तारी के बाद पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने 5 अगस्त को अपनी ही पार्टी की महापौर मुनेश गुर्जर को निलंबित कर दिया था, इस संबंध में स्वायत्त शासन विभाग ने आदेश जारी किए थे। इस निलंबन को राजस्थान हाईकोर्ट में मुनेश गुर्जर ने चुनौती दी थी, उनकी याचिका पर अदालत ने राहत दी है।

सोमवार को मुनेश गुर्जर ने हैरिटेज नगर निगम मुख्यालय पहुंचकर पिछले 74 दिनों से खाली महापौर की कुर्सी पर पुनः बैठकर कामकाज संभाल लिया। उनके साथ उपमहापौर असलम फारूकी और समर्थक पार्षद व कार्यकर्ता मौजूद थे। महापौर मुनेश जब अपने समर्थकों के साथ मेयर ऑफिस पहुंची तो गर्मजोशी से नारेबाजी व स्वागत किया गया। महापौर का पदभार संभालने के बाद मुनेश गुर्जर ने कहा कि, सत्य का रास्ता कठिन हो सकता है, लेकिन मुश्किल नहीं है। यह सत्य की जीत है। न्यायपालिका पर मुझे पूरा भरोसा था। ईश्वर पर मेरी आस्था है। उसी का नतीजा है कि मुझे तीसरी बार मेयर पद संभालने का मौका मिला। इसलिए मैं यही कहना चाहती हूं "सत्यमेव जयते"।

राजस्थान हाईकोर्ट से राहत मिलने के बाद सोमवार को मुनेश गुर्जर ने जयपुर हैरिटेज नगर निगम की महापौर का कार्यभार पुनः संभाला।

■ तत्कालीन कांग्रेस सरकार के इस फैसले को मुनेश गुर्जर ने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी, इसके बाद अदालत ने उनका निलंबन रद्द किया

मुनेश गुर्जर ने कहा कि राजस्थान में नई सरकार आई है, जीतने वाला व्यक्ति सर्वश्रेष्ठ होता है। ऐसे में हमारी जो भी कमिया व खामियां रही, उसका आंकलन करेंगे। नई सरकार का हैरिटेज नगर निगम जयपुर के बोर्ड पर कोई असर नहीं पड़ेगा, हमने जयपुर के विकास में पहले भी कोई कमी नहीं रखी और आगे भी नहीं रखेंगे।

ज्ञात रहे कि ए.सी.बी. ने गत 4 अगस्त को हैरिटेज नगर निगम मेयर मुनेश गुर्जर के घर पर छापा मारा था। इस दौरान एसीबी ने मेयर पति सुशील गुर्जर और उनके दलालों को किसी परिवादी के भूखंड़ का पट्टा देने की एवज में 2 लाख रुपये की घूस की रकम के साथ गिरफ्तार किया था। एसीबी को मेयर के घर से सर्च की कार्रवाई में 40 लाख रुपये नकद मिले थे, हालांकि महापौर ने यह रकम ससुर द्वारा प्लॉट बेचने का पैसा बताया था। इसके अलावा एसीबी की तलाशी में एक दलाल के घर से भी 8 लाख रुपये मिले थे।

इस घटनाक्रम के अगले दिन 5 अगस्त को तत्कालीन यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल के निर्देश पर स्वायत्त शासन विभाग ने आदेश जारी कर मुनेश गुर्जर को महापौर और पार्षद पद से निलंबित कर दिया था। इस निलंबन आदेश को चुनौती देते हुए मुनेश गुर्जर ने राजस्थान हाईकोर्ट में याचिका दायर की, जिस पर अदालत ने 23 अगस्त को मुनेश गुर्जर को राहत दी। इसके बाद मुनेश गुर्जर ने मेयर की कुर्सी पर बैठ गई, लेकिन एक सप्ताह बाद ही 1 सितंबर को राज्य सरकार ने मुनेश गुर्जर को दुबारा निलंबित करने का फैसला ले लिया और 22 सितंबर को पुनः निलंबित कर दिया गया। मुनेश गुर्जर ने तत्कालीन कांग्रेस सरकार के इस फैसले को भी अदालत में पुनः चुनौती दी, जिस पर पिछले दिनों हाईकोर्ट ने महापौर मुनेश गुर्जर को निलंबन रद्द कर दिया है।

# जेकेलॉन अस्पताल में ढाई साल की बच्ची छोड़कर महिला भागी

**जयपुर** (कासं)। जे.एल.एन. मार्ग स्थित जेके लॉन हॉस्पिटल में रविवार सुबह एक लावारिस बच्ची के मिलने से हड़कंप मच गया। हॉस्पिटल के गेट पर बैठी महिलाओं के पास मासूम को सुलाकर एक महिला दूध लाने का बहाना बनाकर उसे छोड़ भागी। हॉस्पिटल थाना पुलिस ने बच्ची को गांधी नगर बालिका गृह भिजवाया है। पुलिस ने अज्ञात परिजनों के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस ने बताया कि सुबह करीब 6 बजे एक महिला ढाई साल की बच्ची को लेकर जेके लॉन अस्पताल आई थी। बच्ची को गोद में लेकर काफी देर तक हॉस्पिटल परिसर में इधर-उधर घूमते रही। जेके लॉन हॉस्पिटल की इमरजेंसी के गेट के पास बैठी महिलाओं के पास बेटी को सुला दिया। महिलाओं को बेटी का ध्यान रखने की कहकर दूध लेकर आने का बहाना बनाकर चली गई। काफी देर बाद भी महिला वापस नहीं लौटी। बच्ची के जागने पर उसे महिलाएं खिलाती रही। मासूम को लावारिस हालत में छोड़कर महिला के भागने का अंदेशा होने पर पुलिस पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची एसएमएस अस्पताल थाना पुलिस ने बच्ची को कब्जे में लेकर जेके लॉन हॉस्पिटल में भर्ती करवाया। डॉक्टर्स के प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी देने पर बच्ची को गांधी नगर बालिका गृह भेज दिया।

पुलिस ने बताया कि लावारिस हालत में मिली मासूम बच्ची की उम्र करीब ढाई साल है। दोनों पैर से वह पैरालाइज्ड है। बच्ची को छोड़कर भागी महिला की उम्र करीब 30 साल है, जिसने पीले रंग की साड़ी पहन रखी थी। प्रथमदृष्टया माना जा है कि वह पैरालाइज्ड बच्ची को पालना गृह में छोड़ने आई थी। जल्द सुबह आने के बाद भी महिलाओं की भीड़ के चलते पालना गृह में छोड़ने की उसकी हिम्मत नहीं हुई। दूध लाने का बहाना बनाकर महिलाओं के पास बच्ची को सुलाकर भाग निकली। अज्ञात परिजनों के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश की जा रही है।

# रोगियों को सुरक्षित और सुगम रक्त आपूर्ति के लिए एक्शन प्लान बनेगा

**जयपुर**। प्रदेश में रोगियों को रक्त व रक्त अवयवों यानि प्लाज्मा, प्लेटलेट्स, पैक्ड रेड ब्लड सेल्स, क्रायोप्रोसिपिटेट की सुगम एवं सुरक्षित उपलब्धता के लिए एक्शन प्लान बनाया जाएगा। वहीं दो उप समितियां रेगुलेटरी एवं टेक्नीकल गठित की जाएंगी। यह कमेटियां प्रदेश में ब्लड बैंकों का केन्द्र सरकार की गाइडलाइन अनुसार संचालन सुनिश्चित करेंगी।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने सोमवार को शासन सचिवालय में राज्य ब्लड ट्रांसफ्यूजन सर्विसेज एवं राज्य ब्लड ट्रांसफ्यूजन काउंसिल की कार्यप्रणाली की समीक्षा कर इस संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में रोगियों को सुगमता पूर्वक व सुरक्षित रूप से रक्त की उपलब्धता हो, इसके लिए जल्द एक्शन प्लान बनाया जाए। उन्होंने ब्लड ट्रांसफ्यूजन की प्रभावी मॉनिटरिंग के लिए एक स्टेट नोडल ऑफिसर नियुक्त करने एवं जोनल स्तर पर संबंधित मेडिकल कॉलेज की जोन स्तरीय कमेटी द्वारा नियमित समीक्षा किए जाने के निर्देश दिए।

सिंह ने कहा कि ब्लड की सुचारू एवं सुरक्षित उपलब्धता रोगी के जीवन से जुड़ा अहम विषय है। इसमें किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जा सकती है। उन्होंने निर्देश दिए कि राज्य में स्थापित सभी ब्लड बैंकों का नियमित रूप से निरीक्षण किया जाए और तथ्यात्मक रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। उन्होंने कहा कि कोई भी ब्लड बैंक निर्धारित प्रोटोकॉल या गाइडलाइन का उल्लंघन करे तो सख्त कार्रवाई की जाए। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि आम नागरिक तक रक्त की सुगम आपूर्ति के लिए ई-रक्त कोष पोर्टल के बारे में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। साथ ही राज्य सरकार के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के पोर्टल एवं 181 हैल्पलाइन के माध्यम से भी इस संबंध में आमजन को जानकारी उपलब्ध करवाई जाए। उन्होंने ई-रक्त कोष पोर्टल पर प्रदेश का डेटा आवश्यक रूप से अपडेट करने एवं रक्तदान तथा रक्त की उपलब्धता के लिए एक एप भी तैयार कराने के निर्देश दिए।

# हरियाणा की युवती से जयपुर में दुष्कर्म

**जयपुर**। राजधानी जयपुर में हरियाणा की एक युवती से रेप का मामला सामने आया है। आरोपी परिचित ने ऑफिस मीटिंग के बहाने होटल में मिलने बुलाकर दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। विरोध करने पर आरोपी परिचित ने उसके साथ मारपीट की। गैंगस्टरों से जान-पहचान बताकर जान से मरवाने की धमकी दी। पीड़िता ने आरोपी परिचित के खिलाफ सोडाला थाने में एफआईआर दर्ज करवाई है।

पुलिस ने बताया कि हरियाणा निवासी एक युवती (27) ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। युवती ने शिकायत में बताया कि साल-2022 में वह नोएडा में स्थित एक कंपनी में जॉब करती थी। सोशल मीडिया के प्लेटफार्म फेसबुक मैसेंजर के जरिए रियल एस्टेट के मामले में श्याम नगर निवासी संदीप मेहता से उसकी जान-पहचान हुई थी। करीब 6 महीने में एक-दो बार प्रॉपर्टी खरीदने के संबंध में संदीप मेहता से बात होने लगी। मार्च-2023 में दोस्त के पास जयपुर आई थी। आरोप है कि संदीप ने उसे कहा कि नोएडा से जॉब छोड़कर जयपुर आ जाओ। यहां पर उसे ज्यादा सैलेरी मिल जाएगी। युवती आरोपी संदीप मेहता की बातों में आकर वह 2 नवंबर 2023 को जॉब के लिए जयपुर आ गई। आरोपी संदीप ने अपने परिचित की कंपनी में 80 हजार रुपए सैलेरी में जॉब लगवा दी। 4 नवंबर को ऑफिस से छुट्टी होने के बाद आरोपी संदीप मेहता उससे मिला। आरोपी संदीप मेहता ने उसे होटल सिंजारा में एक क्लाइंट से ऑफिस मीटिंग होना बताया। आरोपी संदीप मेहता उसे ऑफिस मीटिंग के बहाने धोखे से जयपुर के एक होटल में ले गया। आरोपी संदीप ने होटल के रूम में उसके साथ जबरदस्ती रेप किया। युवती के विरोध करने पर आरोपी संदीप ने उसके साथ मारपीट की। संदीप ने खुद की जान-पहचान गैंगस्टर्स से बताते हुए घटना के बारे में किसी को बताने पर जान से खत्म करवाने की धमकी दी।

# जयपुर परकोटे में अवैध मांस की दुकानें देख बिफरे विधायक बालमुकुंद आचार्य

## नगर निगम के अफसरों को मौके पर बुलाया और सभी दुकानों के लाइसेंस दिखाने को कहा

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। हवामहल सीट से विधानसभा चुनाव जीतते ही बालमुकुंद आचार्य एक्टिव मोड में आ गए हैं। सोमवार सुबह अपने कार्यालय पहुंचे बालमुकुंद आचार्य से उनके समर्थकों ने जयपुर परकोटे इलाके में खुले में नॉनवेज की दुकान लगाने वालों की शिकायत की। इसके बाद उन्होंने चारदीवारी के प्रमुख बाजारों का दौरा किया।

इस दौरान रामगढ़ मोड़ पर एमएम खान नॉन वेज रेस्टोरेंट पर पहुंचे बालमुकुंद आचार्य ने नगर निगम के पशु चिकित्सक महेश शर्मा से पूछा कि इनका लाइसेंस कहां है, उसे लेकर आओ। इसके बाद बालमुकुंद आचार्य ने कहा-सुनो दिमाग में कोई गलतफहमी हो तो उसे निकाल देना। मैं मिठाई खाने वाला नहीं हूं। मैं ना खाऊंगा ना खाने दूंगा। आप इनसे इसका लाइसेंस पूछो। 20-25 फीट का जो कब्जा इन लोगों ने रोड पर कर रखा है। उसकी जानकारी मांगो। यहां पर टूरिस्ट कैसे आएगा। इन लोगों ने गंद मचा रखी है। कराची बनाना चाहते हो क्या? जयपुर अपरा काशी है। इस दौरान बालमुकुंद आचार्य ने एक लड़के से पूछा तेरा है क्या मियां यह दुकान, उस लड़के ने जवाब दिया कि नहीं मैं यहां खाना खाने आया हूं। बालमुकुंद आचार्य ने कहा जा अंदर जा और खा ले खाना। इसके बाद बालमुकुंद आचार्य ने कहा आंखें मत दिखाना, आंखें बिल्कुल मत दिखाना, बाबा बवाल है।

इसके पहले बालमुकुंद आचार्य ने नगर निगम हेरिटेज के विजिलेंस कमिश्नर सुरेश महारानियां को फोन कर कहा कि चांदी की टकसाल और शहर के प्रमुख बाजारों में जो रोड पर नॉनवेज की दुकानें हैं, इसे हटा दीजिए। सभी के लाइसेंस चेक किए जाएंगे। इन सब की रिपोर्ट मैं आपसे लूंगा।



हवामहल क्षेत्र से भाजपा विधायक बालमुकुंद आचार्य ने सोमवार को परकोटे में संचालित अवैध मांस की दुकानों को बंद करवाया।

■ आचार्य ने पशु चिकित्सक महेश शर्मा और सतर्कता उपायुक्त सुरेश महरानियां को फटकारते हुए कहा, जयपुर अपरा काशी है, कराची बनाना चाहते हो क्या?

इस पर महारानियां ने कहा यह लाइसेंस विंग का काम है। बालमुकुंद आचार्य ने उनसे सवाल कर पूछा कि क्या रोड पर खुले में नॉनवेज बेच सकते हैं। क्या आप इन लोगों का समर्थन कर रहे हो। इस पर महारानियां ने इनकार कर दिया। साथ ही कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस पर बालमुकुंद आचार्य ने फिर से कहा मुझे मतलब नहीं है। महारानियां कौन अधिकारी है। मुझे इसकी रिपोर्ट चाहिए। इसके बाद दिन में बालमुकुंद आचार्य चारदीवारी के प्रमुख बाजारों के दौरे पर निकल गए। जहां उन्होंने सुबह चांदी की टकसाल इलाके में खुले में बेची जा रहे नॉनवेज की दुकानों को लेकर आपत्ति जताई। नगर निगम के एनिमल डॉक्टर महेश शर्मा भी मौके पर पहुंचे। इस दौरान बालमुकुंद आचार्य ने शर्मा को जमकर लताड़ लगाते हुए सभी अवैध दुकानों को बंद करने की हिदायत दी।

बालमुकुंद आचार्य ने कहा कि हवामहल में बांग्लादेशियों ने नॉनवेज के ठेले लगा रखे हैं। जो नियमों के विपरीत हैं। इन लोगों के पास लाइसेंस तक नहीं हैं। प्रशासन की मिली भगत की वजह से इसे कोई अब तक पूछ नहीं रहा था। अब ऐसा बिल्कुल नहीं चलेगा। मेरा एजेंडा सनातन की रक्षा करना है। इसलिए इस तरह के लोगों को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करूंगा। इन लोगों की वजह से सड़क पर खुलेआम नॉनवेज बन रहा था। आम जनता परेशान हो रही थी।

उन्होंने कहा खुलेआम नॉनवेज बनने की बदबू की वजह से लोगों ने इन रास्तों से गुजरना तक बंद कर दिया था। इन इलाकों में ही कई बड़े मंदिर भी है। नॉनवेज के ठेलों, इनकी बदबू और कुत्तों की वजह से यहां आना लोगों ने बंद कर दिया था। जिसे अब किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## सार-समाचार

### सिटी पैलेस में रथ खाना ट्रांसपोर्ट गैलरी

**जयपुर**। ट्रांसपोर्ट (परिवहन) ने राजपूत शासकों को मित्र-राष्ट्रों से भेंट करने, शिकार करने, तीर्थयात्रा पर जाने, युद्ध छेड़ने और अपने क्षेत्र में औपचारिक परेड के माध्यम से अपने शासन का दावा करने में सक्षम बनाया। सिटी पैलेस में अपनी तरह की एक अनूठी ट्रांसपोर्ट गैलरी - रथ खाना खोली गई है, जिसमें विभिन्न ट्रांसपोर्ट के साधनों के माध्यम से पूर्व शासकों की शक्ति, तीर्थयात्रा और उनके अनुभवों को प्रदर्शित किया जा रहा है। गैलरी में प्रदर्शित ट्रांसपोर्ट में 19वीं शताब्दी की जल झुलनी नाव जिस पर जल झुलनी एकादशी पर तालकटोरा झील पर कृष्ण की मूर्ति को सवारी कराई जाती थी; 18वीं-19वीं सदी का एक पोर्टेबल सिंहासन तख्त-ए-रावण, जिसका उपयोग विशेष अवसरों पर शासक को ले जाने के लिए किया जाता था; 18वीं सदी की हाथ से बनाई गई चांदी की कार्ट जो विलासिता का प्रतीक है; महाराजा सवाई माधो सिंह द्वितीय की 20वीं सदी की बग्गी और हाथी कवच का सूट आदि शामिल हैं।

### बच्चों के लिए स्माइल कार्यक्रम आयोजित

**जयपुर**। मानव सेवा ट्रस्ट राजस्थान द्वारा अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर दिव्यांग, अनाथ एवं भिक्षावृति में लिप्त बच्चों के लिए स्माइल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रताप नगर स्थित सैंट जोसेफ कोवेंट स्कूल में किया गया। ट्रस्ट अध्यक्ष से.नि. आरएएस एन.एल.वर्मा ने सभी अतिथियों शाल एवं मोमेंटो देकर स्वागत किया। स्वास्थ्य कल्याण होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर, ट्रस्ट सदस्य व मीडिया प्रभारी प्रो. डॉ. राजीव सक्सेना ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पंडित मोहित मुद्गल, अध्यक्ष भक्ति सिद्दान्त वाणी सेवा ट्रस्ट, विशिष्ट अतिथि बसंत जैन, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री भारतवर्षीय दिगम्बर जैन महासभा, सवाई सिंह, अध्यक्ष राजस्थान समग्र सेवा संघ कवि गोपाल शरण, पंडित आशुतोष महाराज, दुर्गा वर्मा, अध्यक्ष महिला सशक्तिकरण फाउंडेशन, सहायक लेखाधिकारी हेमराज वर्मा, सुखराज वर्मा, दिनेश आलोरिया, सुरेश कुमार, भास्कर, चन्दन, सुमन देवी, अंजू वर्मा, बृजेश, मनीष आदि रहे।

### जे.जे.एस. के लिए ग्रैंड जूरी मीटिंग

**जयपुर**। इंडियन ज्वैलर मैगज़ीन ने हाल ही में मुंबई के होटल जेडब्ल्यू मैरियट में जेजेएस-इंडियन ज्वैलर्स डिजाइन अर्वाड-2023 (जेजेएस-आईजेडीए) के 13वें संस्करण के लिए ग्रैंड जूरी मीट का आयोजन किया। 'इंडियन ज्वैलर' के संपादक आलोक काला ने कहा "इस साल आईजे अवार्ड्स में 1000 से अधिक डिजाइनरों ने भाग लिया है। इनमें से 133 से अधिक डिजाइनों का मूल्यांकन प्रतिष्ठित जूरी सदस्यों द्वारा किया गया, जो व्यस्त समय के दौरान मुंबई के सभी कोनों से आए थे। इंडियन ज्वैलर के एसोसिएट एडिटर अर्पित काला ने कहा कि "प्रविष्टियों का मूल्यांकन नवीनता, पहनने योग्यता, विशिष्टता, फिनिशिंग, डिजाइन और शिल्प कौशल के अधार पर किया जाना था।"जेजेएस के सचिव राजीव जैन ने कहा कि कई आभूषण डिजाइनरों और निर्माताओं को आभूषणों में नए रत्नों और तकनीकों का उपयोग करते हुए देखना अच्छा है। आईजे अवार्ड्स के लिए धन्यवाद, नए डिजाइनरों और निर्माताओं को प्रोत्साहन और प्रेरणा मिलती

# 'विजय दिवस' के स्मरण में कोणार्क कोर की मोटरसाईकिल रैली रवाना

**जयपुर**। कोणार्क "विजय दिवस" के स्मरणोत्सव के हिस्से के रूप में, 4 दिसंबर को जोधपुर सैन्य स्टेशन से जनरल ऑफिसर कमांडिंग कोणार्क-डेजर्ट कोर द्वारा एक मोटरसाइकिल अभियान को हरी झंडी दिखाई गई। यह अभियान 1971 में जैसलमेर-रेगिस्तान सेक्टर में पाकिस्तान पर विजय के बाद के 52वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों की एक श्रृंखला का हिस्सा है।

अभियान दल में भारतीय सेना, भारतीय वायु सेना, भारतीय नौसेना, बीएसएफ और राजस्थान पुलिस के चौबीस कर्मी शामिल हैं; इस प्रकार यह 1971 के युद्ध में भाग लेने वाली सभी वर्दीधारी सेवाओं के कर्मियों का एक अनूठा संयोजन बन गया।

■ जोधपुर से रवाना हुआ यह दल 3 दिनों में पोकरण, मोहनगढ़, धनवार, रामगढ़, तनोट, किशनगढ़, लौंगेवाला और जैसलमेर सहित ऐतिहासिक स्थानों पर सवारी करते हुए 700 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय करेंगे




तीन दिनों की अवधि में, सवार पोखरण, मोहनगढ़, धनवार, रामगढ़, तनोट, किशनगढ़, लौंगेवाला और जैसलमेर सहित ऐतिहासिक स्थानों पर सवारी करते हुए 700 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय करेंगे, जहां निर्णायक लडाई लड़ी गई थी जिसके परिणामस्वरूप हमारी क्षेत्रीय अखंडता का उल्लंघन करने का प्रयास करने वाले पाकिस्तानी सशस्त्र बलों की हार में।

मोटरसाइकिल टीम लौंगेवाला और जैसलमेर युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करके युद्ध के शहीद नायकों को श्रद्धांजलि देगी। अभियान के दौरान, सवार वीर नारियों और दिग्गजों के साथ बातचीत सहित विभिन्न आउटरीच कार्यक्रम चलाएंगे, जिसका उद्देश्य उनके अनुभवों को फिर से जीना और उन्हें आवश्यक सहायता प्रदान करना है। वे रास्ते में कई स्कूलों का दौरा करेंगे और 1971 के युद्ध में इस क्षेत्र में लडी गई प्रसिद्ध लडाइयों पर प्रेरक वार्ता और प्रस्तुतियाँ देंगे। ग्रीन इंडिया पहल के हिस्से के रूप में, टीम गवर्नमेंट हाई स्कूल धीरपुरा, पोखरण मिलिट्री स्टेशन, तनोट, लौंगेवाला और रास्ते में अन्य स्थानों पर वृक्षारोपण भी करेगी और साथ ही कोणार्क कोर की निरंतर सेवा को दोहराते हुए स्थानीय लोगों को अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करेगी।

# पुलिसकर्मियों पर हमला करने वाला इनामी बदमाश दबोचा

**जयपुर**। पुलिस मुख्यालय सीआईडी क्राइम ब्रांच की टीम ने जयपुर के ट्रांसपोर्ट नगर इलाके में स्थानीय पुलिस के सहयोग से अलवर के 10 हजार के इनामी हिस्ट्रीशीटर को दस्तयाब किया है। आरोपी बीकानेर से अलवर कानून व्यवस्था ड्यूटी में आये पुलिस कर्मियों पर जानलेवा हमला करने के मामले में एक साल से वांछित चल रहा था। आरोपी वर्तमान में सरपंच का भी पति है।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक अपराध दिनेश एमएन ने बताया कि सीआईडी क्राइम ब्रांच की स्पेशल टीम के सदस्य हेड कांस्टेबल रविंद्र सिंह को पुख्ता सूचना प्राप्त हुई कि थाना एनईबी का हिस्ट्रीशीटर मुबीन मेव पुत्र गफूर खान (42) निवासी गांव बेलाका जिला अलवर रविवार को जयपुर आ रहा है।

एडीजी एमएन ने बताया कि इस पर आईजी प्रफुल्ल कुमार के पर्यवेक्षण एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशा राम चौधरी के सुपरविजन तथा पुलिस निरीक्षक सुभाष सिंह तंवर के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल महेश कुमार, रविंद्र सिंह व कांस्टेबल नरेश की टीम ने आरोपी के जयपुर आने वाले संभावित स्थानों को चिन्हित किया। एसएचओ ट्रांसपोर्ट नगर की टीम की मदद से आरोपी हिस्ट्रीशीटर मुबीन खान को डिटेन किया गया। एडीजी ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध अलवर जिले के थाना शिवाजी पार्क, अरावली विहार, कोतवाली, एमआईए और एनईबी में जानलेवा हमला, चोरी, लूट, आर्म्स एक्ट, अपहरण, डकैती के दौरान हत्या इत्यादि गंभीर प्रकृति के 16 मामले दर्ज है। दिसंबर 2022 में आरोपी ने अपने साथियों के साथ पुलिस टीम पर जानलेवा हमला किया था। इस पर एसपी अलवर द्वारा 10 हजार का इनाम घोषित किया गया। गौरतलब है कि 19 दिसंबर को भारत जोडो यात्रा में कानून व्यवस्था ड्यूटी के लिए बीकानेर से आए जाब्ते को अलवर जिले के एनईबी थाना अंतर्गत अंबेडकर नगर स्थित सामुदायिक भवन में ठहराया गया था। सामुदायिक भवन के बाहर रिक्शे में बैठे बेलाका निवासी हिस्ट्रीशीटर मुबीन मेव की पुलिसकर्मी से कहासुनी हो गई। इस पर उसने कॉल कर अपने 70-80 साथियों को वहां बुला लिया। इनके हाथों में लाठी-डंडे और लोहे के सरिये थे। आरोपियों ने सामुदायिक भवन के दरवाजे एवं शीशे तोड़ने के साथ सरकारी वाहन व संपत्ति को नुकसान पहुंचाया। साथ ही पुलिस कर्मियों पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में चार पुलिसकर्मी गम्भीर घायल हो गए थे। एडीजी एमएन ने बताया कि इस कार्रवाई में सीआईडी के हेड कांस्टेबल रविंद्र सिंह व कांस्टेबल नरेश कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।